दिन– शनिवार दिनांक– 31 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत।

02. भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई ने विश्व के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म्स चीन के अली–पे, पे–पाल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड़ा।

03. मुंगेर पुलिस ने गंगटा में चलाए जा रहे एक मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया। फैक्ट्री संचालक पति–पत्नी गिरफ्तार।

04. और, गंगा और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में कमी से खगड़िया जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सुधर रहे हैं हालात। राहत कार्य जारी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून बनाए गए हैं लेकिन इसे और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में जिला न्यायपालिका के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितनी जल्दी निर्णय लिए जाएंगे उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी।

———बाईट———

देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। 2019 में सरकार ने फास्ट्रेक स्पेशल कोर्ट की स्थापना की योजना बनाई। इसके तहत अहम गवाहों के लिए डिपोजिशन सेंटर्स का प्रावधान है। इसमें भी डिस्ट्रिक मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। हमें इन कमेटियों को और अधिक सक्रिय करने की जरूरत है।

श्री मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है – विकसित भारत, नया भारत। श्री मोदी ने सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि न्याय प्रक्रिया को आधुनिक बनाया जा रहा है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से ई कोर्ट फेस 3 के अंतर्गत 7210 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड टेक्नोलॉजी जैसे तकनीकी नवाचारों के उपयोग से जस्टिस डिलीवरी सिस्टम को सुगम व सुलभ बनाया जा रहा है।

———————————————————

बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद मनन कुमार मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था काफी मजबूत है और संविधान को कोई खतरा नहीं है।

———बाईट———

———————————————————

भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई ने विश्व के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म्स चीन के अली—पे, पे—पाल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड दिया है। यूपीआई प्लेटफॉर्म पर इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच लगभग इक्यासी लाख करोड़ रुपए का लेन—देन किया गया। यह पिछले वर्ष के मुकाबले सैंतीस प्रतिशत अधिक है। ग्लोबल पेमेंट हब पेसेक्योर के ताजा आंकड़ों के अनुसार यूपीआई के माध्यम से प्रति सेकेंड लगभग सैंतीस सौ से ज्यादा लेन—देन किए गए, जो दो हजार बाईस में प्रति सेकेंड दर्ज किए गए तेईस सौ अड़तालीस लेन—देन से अंठावन प्रतिशत अधिक है। जुलाई में यूपीआई लेन—देन बीस लाख साठ हजार करोड़ रुपये को पार कर गया। यह किसी एक महीने में किया जाने वाला सबसे अधिक लेन—देन था।

———————————————————

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि देशभर में खादी का प्रमुखता से प्रचार— प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे लोग खादी वस्त्र पहनने के लिए प्रेरित होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन भी होगा। श्री मांझी आज नई दिल्ली में अक्टूबर में होने वाले खादी महोत्सव— दो हजार चौबीस की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से खादी क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाने का निर्देश दिया। खादी और

ग्रामोद्योग आयोग देश में खादी को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष महोत्सव का आयोजन करता है।

——————————————————

बेगूसराय के बलिया में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमला करने के प्रयास में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। केन्द्रीय मंत्री जनता दरबार के बाद लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उन पर हमला करने की कोशिश की गई। इस घटना के बाद केन्द्रीय मंत्री की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

———बाईट———

——————————————————

प्रदेश के स्कूलों में कल से तीस सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत विद्यालयों में प्रत्येक दिन अलग—अलग गतिविधियों का आयोजन होगा। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिशा—निर्देश जारी किया है।

——————————————————

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय पोषण माह के सातवें संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अभियान के तहत पोषण भी पढ़ाई भी की थीम के साथ देशभर में कुपोषण खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित गतिविधियों और सहायक भोजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान एनीमिया को लेकर जागरूकता पर विशेष बल दिया जाएगा।

——————————————————

गंगा, सोन, पुनपुन, बूढ़ी गंडक और घाघरा समेत राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार—चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से इक्यावन सेंटीमीटर और हाथीदह में अड़तालीस सेंटीमीटर ऊपर बहर रही है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से पैंसठ सेंटमीटर ऊपर दर्ज किया गया। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से तिरानवे

सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से उन्नीस सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में बहत्तर सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

गंगा और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में कमी से खगड़िया जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ की स्थिति में सुधार हो रहा है। लेकिन अब महामारी का खतरा बढ़ गया है। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

———बाईट———

गंगा और बूढ़ी गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में पिछले चौबीस घंटे में काफी कमी आयी है। जिससे जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पानी निकलने लगा है। गंगा के जलस्तर में कमी आने से परवत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंड के नदी से सटे निचले इलाकों में बड़ी आबादी ने राहत की सांस ली है। लेकिन जमा पानी में दुर्गंध से अब लोगों को बीमारी का डर सताने लगा है। इधर सैकड़ो परिवार अभी भी विस्थापित होकर अन्यत्र रह रहे हैं। बाढ़ प्रभावित पंचायतों में मेडिकल कैम्प भी लगाये गए हैं। जिन इलाकों से पानी निकल रहा है वहाँ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव की कार्रवाई भी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगडिया से प्रभात सुमन।

———————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गई हैं। इससे विभिन्न स्थानों पर बारिश में कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। शेखपुरा के घाटकुसुंभा में सबसे अधिक बीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में बारिश की सम्भावना नहीं है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थान पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका के मद्देनजर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाईट———

इधर, स्थानीय कारणों से मधुबनी में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के विभिन्न भागों में आज दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। जिससे लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत मिली।

———————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के परिसर में पौधारोपण किया। श्री आर्लेकर ने

कहा कि पेड़–पौधों और पशुओं का संरक्षण हमारी संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बिहार के वन क्षेत्र को बढ़ाने की जिम्मेदारी सरकार के साथ हम सभी की है।

———————————————————————

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार बिहार के विकास के लिए संकल्पित है। मधुबनी के रांटी में जदयू के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास के लिए रात –दिन काम कर रहे हैं, ताकि बिहार देश के विकसित राज्यों में प्रथम हो सके। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संजय झा और झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल का अभिनंदन किया गया।

———————————————————————

मुंगेर जिले के गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पौकड़ी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया है। मौके से सात देशी पिस्तौल, आठ अर्धनिर्मित पिस्तौल समेत बड़ी संख्या में हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि फैक्ट्री संचालक पति–पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया।

———बाईट———

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के जंगली इलाके में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर तीन आईडी प्रेशर बम बरामद किया है। मदनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रेशर बम को निष्क्रिय कर दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कटिहार रेल मंडल अंतर्गत जोगबनी, फारबिसगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य और रेलवे सुविधाओं का निरीक्षण किया।

———————————————————————

जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजामा गांव से पुलिस ने कुख्यात नक्सली जगरनाथ यादव उर्फ मिश्र जी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के भिरखी मोहल्ला में आपसी विवाद में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गोलीबारी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

---

अररिया जिले के जोकीहाट और पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

खगड़िया जिले के मोरकाही थाना अंतर्गत बागमती नदी की धार में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

---

जमुई के सांसद अरूण भारती ने आज रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। श्री भारती ने जमुई स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव के संबंध में मांग पत्र सौंपा।

---

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने आज भागलपुर में अंगिका कला उत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक चित्र प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में सख्त कानून और त्वरित फैसले की जरूरत।
02. भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई ने विश्व के प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म्स चीन के अली–पे, पे–पाल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड़ा।
03. मुंगेर पुलिस ने गंगटा में चलाए जा रहे एक मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया। फैक्ट्री संचालक पति–पत्नी गिरफ्तार।
04. और, गंगा और बूढ़ी गंडक नदी के जलस्तर में कमी से खगड़िया जिले के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सुधर रहे हैं हालात। राहत कार्य जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।